INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Class work
पाठ-1 माँ, कह एक कहानी (कविता)	Topics: - प्रश्नोत्तर, व्याकरण	PI File in portfolio-

अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 कविता में माँ और बेटे के रूप में किन पात्रों का संवाद है?

उत्तर - माँ यशोधरा और उनके पुत्र राहुल का।

प्रश्न-2 बालक राहुल अपनी माँ से क्या जिद कर रहा था?

उत्तर - बालक राहुल अपनी माँ से कहानी सुनाने की।

प्रश्न-3 तात उपवन में क्या कर रहे थे?

उत्तर - तात उपवन भ्रमण कर रहे थे।

प्रश्न-4 अचानक आकाश से क्या गिरा?

उत्तर - अचानक आकाश से एक घायल हंस गिरा।

प्रश्न-5 हंस को किसने घायल किया था?

उत्तर - हंस को आखेटक ने घायल किया था।

प्रश्न-6 घायल हंस को किसने बचाया?

उत्तर - घायल हंस को सिद्धार्थ ने बचाया।

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 कविता में 'तात' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

उत्तर- कविता में 'तात' शब्द का प्रयोग राहुल के पिता के लिए किया गया है। जिनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था और ज्ञान प्राप्त करने के बाद गौतम बुद्ध हो गया।

प्रश्न-2 आखेटक कौन था और उसने हंस को क्यों घायल किया?

उत्तर- आखेटक सिद्धार्थ का भाई देवदत्त था, उसने अपने तीर से हंस को घायल किया क्योंकि वह शिकार करना चाहता था।

प्रश्न-3 आखेटक किस बात पर अड़ गया?

उत्तर- आखेटक यानि कि शिकारी इस बात पर अड़ गया कि घायल हंस उसका शिकार है,इसलिए उस पर उसका ही अधिकार है। वह हंस को वापस लेने की ज़िद करने लगा।

प्रश्न-4 राहुल ने अंत में क्या न्याय किया?

उत्तर- राहुल ने निर्णय दिया कि "बचाने वाला, मारने वाले से बड़ा होता है।" इसलिए, घायल हंस पर उसे बचाने वाले (सिद्धार्थ) का अधिकार होना चाहिए, न कि उसे मारने वाले का।

प्रश्न-5 "माँ कह एक कहानी" कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है? (HOTS)

उत्तर- हमें यह शिक्षा मिलती है कि माँ का स्नेह अमूल्य है। उसकी कहानियाँ बच्चों को नैतिकता, प्रेम और जीवन के मूल्य सिखाती हैं।

दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 पक्षी के घायल होकर गिरने की घटना को कवि ने 'कोमल-कठिन कहानी' क्यों कहा?

उत्तर- एक ओर उपवन का वातावरण बहुत कोमल और सुंदर था, वहीं दूसरी ओर शिकारी द्वारा पक्षी पर बाण चलाना एक कठोर और क्रूर कार्य था। जहाँ इस कहानी में सिद्धार्थ की दया भावना है वहीं देवदत्त की क्रूरता है। इन सबका मिश्रण होने के कारण इसे 'कोमल-कठिन कहानी' कहा गया।

प्रश्न-2 कविता 'माँ कह एक कहानी' कविता का सारांश और संदेश लिखिए।

उत्तर- 'माँ कह एक कहानी' कविता में बालक अपनी माँ से कहानी कहने की जिद करता है। माँ वह कहानी सुनाती है जिसमें उसके चाचा ने एक हंस को घायल किया लेकिन उसके पिता ने उस हंस की जान बचाई। इससे यह संदेश मिलता है कि सच्चा अधिकार उसी का होता है जो रक्षा करता है, न कि जो नुकसान पहुँचाता है।

प्रश्न- इन काव्य-पंक्तियों के भाव स्पष्ट कीजिए:- only workbook

(क) 'नया जन्म-सा उसने पाया।'

भाव: जब सिद्धार्थ ने घायल हंस को उठाकर उसकी मरहम-पट्टी की और उसकी जान बचाई, तो वह पक्षी मौत के मुँह से बाहर आ गया। उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसे एक नया जीवन मिल गया हो।

(ख) 'लक्ष्य-सिद्धि का मानी।'

भाव: इसका अर्थ है कि शिकारी को अपने सटीक निशाने (लक्ष्य) पर बहुत गर्व (अभिमान) था। वह इस बात से खुश था कि उसका बाण सही जगह लगा, भले ही उसने एक निर्दोष पक्षी के प्राण संकट में डाल दिए थे।

व्याकरण-

प्रश्न-1 **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए (Antonyms)**

1- **अमृत** × विष

2- **निर्भय** × भयभीत

3- **निरपराध** × अपराधी

4- **इच्छा** × अनिच्छा

5- **कृतज्ञ** × कृतघ्न

6- **हर्ष** × शोक

7- **जन्म** × मरण

8- **रात** × दिन

9- **अँधेरा** × उजाला

10- **फूल** × काँटा

11- **प्यार** × नफरत

12- **सुंगध** × दुर्गंध

13- **सुगम** × दुर्गम

14- **निराशा** × आशा

प्रश्न-2 **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए (One Word Substitution)**

(क) जिसने कोई अपराध किया हो - **अपराधी**

(ख) जिसने कोई अपराध न किया हो - **निरपराध** /**निरपराधी**

(ग) जहाँ न्याय होता है - **न्यायालय**

(घ) जहाँ पहुँचा न जा सके - **अगम / अगम्य / दुर्गम**

(ङ) जिसके हृदय में ममता न हो - **निर्मम**

(च) आँखों के सामने होने वाला - **प्रत्यक्ष**

(छ) जो धर्म के अनुकूल आचरण करे - **धर्मात्मा / धर्मी / धार्मिक**

WORKBOOK- Q-1 MCQ , Q-6 सही गलत workbook

लेखन कार्य - अनुच्छेद - देश प्रेम C.W

देश प्रेम का अर्थ होता है अपने देश के प्रति आदरभाव की भावना। देश से प्यार करना मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ। देश-प्रेम का भाव एक पवित्र भाव है। देश-प्रेम का भाव हर इंसान के दिल में होना चाहिए। यह वह भावना है, जो हमें अपने देश के प्रति कर्तव्य और सम्मान का एहसास कराती है। देश-प्रेम व्यक्ति को अपने राष्ट्र की सेवा और उसके विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। यह हमारे देश की संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के प्रति निष्ठा को दर्शाता है। सच्चे देशभक्त वे हैं जो अपने देश की जय-जयकार करते हैं और अच्छे काम करते हैं। हमें अपने देश की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करने की कोशिश करनी चाहिए। मेरा भारत देश एक खूबसूरत देश है, जहां अभी तक संस्कृति और परंपरा कायम जैसे हम अपने परिवार और माता-पिता से प्रेम करते हैं, वैसे ही अपने देश से भी स्वाभाविक रूप से प्रेम करना चाहिए। यह प्रेम बिना किसी शर्त और स्वार्थ के होता है। देश-प्रेमी व्यक्ति सदा अपने देश का हित सोचता है। देश की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है है। मुझे अपने देश पर गर्व है। मैं अपने आप को भाग्यशाली समझता हूँ कि मैं भारत देश का नागरिक हूँ।

प्रश्न- दिए गए चित्र का चित्र वर्णन कीजिए- H.W